भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1412

दिनांक 19 **दिसम्बर**, 2022

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे पेट्रोलियम की कीमत

1412# **श्री राम नाथ ठाकुर**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में हुए उतार-चढ़ाव का माह-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या यह सच है कि सरकार अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं दे रही है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस उच्च दरों पर मिल रही है?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री

(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) जनवरी, 2020 से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की भारतीय बॉस्केट और पेट्रोलियम उत्पादों का के औसत मासिक मूल्य ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) पेट्रोल और डीजल के मूल्य क्रमश: दिनांक 26.06.2010 और दिनांक 19.10.2014 से बाजार-निर्धारित हैं। तब से, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) पेट्रोल और डीजल के मूल्य-निर्धारण के संबंध में उचित निर्णय लेती हैं। केन्द्र सरकार ने दिनांक 22 मई, 2022 से पेट्रोल और डीजल पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क क्रमश: 8 रुपए और 6 रुपए प्रति लीटर कम कर दिया है। केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में इस कमी के बाद कई राज्यों/के.शा. क्षेत्रों ने भी पेट्रोल और डीजल पर वैट कम कर दिया है।

नवम्बर, 2020 और नवम्बर, 2022 के बीच कच्चे तेल के भारतीय बॉस्केट के औसत मूल्य में (43.34 डॉलर से 87.55 डॉलर) 102% की वृद्धि हुई है, जबकि इसी अवधि के दौरान भारत में पेट्रोल और डीजल के खुदरा मूल्यों में केवल क्रमशः 18.95% तथा 26.5% की वृद्धि हुई है। देश में एलपीजी के मूल्य एलपीजी के अंतरराष्ट्रीय मूल्यों के बेंचमार्क, सऊदी संविदा मूल्य (सीपी) पर आधारित होतीं हैं। अप्रैल, 2020 से अप्रैल, 2022 की अवधि के दौरान, एलपीजी के अंतरराष्ट्रीय मूल्यों में करीब 300% की वृद्धि हुई है। तथापि, एलपीजी की अंतरराष्ट्रीय मूल्यों से उपभोक्ताओं को बचाने के लिए घरेलू एलपीजी के उपभोक्ताओं पर पूरी लागत वृद्धि नहीं डाली गई थी। तद्नुसार, इस अवधि के दौरान, घरेलू एलपीजी के मूल्यों में केवल 72% की वृद्धि हुई। इसकी वजह से इन ओएमसीज को काफी हानि उठानी पड़ी। इस हानि की भरपाई करने के लिए हाल ही में सरकार ने ओएमसीज को 22000 करोड़ रुपए की एकमुश्त क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत की है।

***

अनुलग्नक

"अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे पेट्रोलियम की कीमत" के संबंध में श्री राम नाथ ठाकुर द्वारा दिनांक 19 दिसम्बर, 2022 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1412 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

माह	भारतीय बास्केट का औसत कच्चा तेल	औसत पेट्रोल	औसत डीजल	औसत एलपीजी
	डॉलर/बीबीएल			डॉलर/एमटी
जनवरी-20	64.31	69.11	73.35	580
फरवरी-20	54.63	62.57	63.41	529
मार्च-20	33.36	35.19	41.87	460
अप्रैल-20	19.90	19.44	25.25	236
मई-20	30.61	30.84	30.77	340
जून-20	40.63	42.79	44.72	338
जुलाई-20	43.35	44.80	48.64	348
अगस्त-20	44.19	46.97	47.46	353
सितंबर-20	41.35	45.66	42.44	359
अक्टूबर-20	40.66	44.82	42.29	378
नवंबर-20	43.34	45.52	45.79	436
दिसंबर-20	49.84	52.41	53.13	456
जनवरी-21	54.79	58.91	58.35	538
फरवरी-21	61.22	66.36	66.29	593
मार्च-21	64.73	71.51	67.57	607
अप्रैल-21	63.40	71.70	66.61	542
मई-21	66.95	74.42	72.08	483
जून-21	71.98	78.85	77.12	527
जुलाई-21	73.54	83.10	78.21	620
अगस्त-21	69.80	78.92	74.22	657
सितम्बर-21	73.13	82.08	80.79	665
अक्टूबर-21	82.11	95.77	93.37	797
नवम्बर-21	80.64	92.18	89.34	846
दिसंबर-21	73.30	85.67	83.45	768
जनवरी-22	84.67	96.16	97.09	722
फरवरी-22	94.07	108.29	108.70	775
मार्च-22	112.87	127.44	138.12	910
अप्रैल-22	102.97	123.50	145.13	952
मई-22	109.51	141.18	147.77	856
जून-22	116.01	148.82	170.92	750
जुलाई-22	105.49	116.53	139.93	725
अगस्त-22	97.40	107.16	134.48	664
सितम्बर-22	90.71	93.78	123.36	638
अक्टूबर-22	91.70	91.19	133.52	572
नवम्बर-22	87.55	93.13	123.18	610
दिसंबर-22 (09.12.2022 तक)	78.46	84.04	105.53	650

स्रोत - पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)